

# 3 परिवेशीय पेड़-पौधे

7KHJZ1

तुम अपने आसपास कौन से पेड़–पौधों को देखते हो? उनके नाम लिखो–..........................................................

तुम्हारे आसपास के पेड़–पौधे एक दूसरे से किस प्रकार अलग दिखाई देते हैं ? लिखो–

..........................................................................................

..........................................................................................

हमारे आसपास तरह–तरह के पेड़–पौधे होते हैं। यह एक–दूसरे से अलग (भिन्न) दिखाई देते हैं। तरह–तरह के पेड़–पौधों को हम पहचानते हैं...

- पत्तियों से
- फलों से
- फूलों से
- लम्बाई और तने की मोटाई से।

## तरह–तरह की पत्तियाँ


हमारे आसपास तरह–तरह के पेड़–पौधे होते हैं। पर क्या सभी की पत्तियाँ एक जैसी होती हैं ?

कुछ पेड़–पौधों की पत्तियाँ लम्बी और नुकीली होती हैं, कुछ की गोल। कुछ पेड़–पौधों की पत्तियाँ बड़ी होती हैं, कुछ की छोटी। कुछ पत्तियों का किनारा कँटीला होता है, कुछ का चिकना। क्या आपने केला, लौकी और अरवी की पत्तियों को देखा है ? इनकी पत्तियाँ अन्य पेड़–पौधों की पत्तियों से कैसे अलग होती हैं ?

*पेड़–पौधों को पत्तियों के आधार पर पहचानें–*

अपने आसपास से विभिन्न प्रकार की पत्तियाँ इकट्‌ठी करो। इन पत्तियों की मदद से नीचे दिए गए अभ्यास पूरा करो।

- पत्तियों के चित्र से मिलान करो और उनके नाम भी लिखो।




1.......... 2........... 3............ 4............ 5......... 6.......... 7........... 8............

- पत्तियों के किनारों पर पेंसिल चलाओ। पत्तियों के अलग–अलग आकार बनाकर अपने दोस्तों को दिखाओ।



पेड़ और पौधे



**चित्र देखो और चर्चा करो–**

- क्या सभी पेड़–पौधे लम्बाई में एक जैसे होते हैं ?
- क्या सभी पेड़–पौधों के तनों की मोटाई एक जैसी दिखाई देती है?

सभी पेड़–पौधों के तने एक समान नहीं होते हैं। तनों की मोटाई और लम्बाई में भिन्नता होती है। कुछ तनों में शाखाएँ लम्बी होती हैं। कुछ में घनी हो जाती है।

कुछ तनों में शाखाएँ कम होती हैं। जिनकी लम्बाई कम होती है और तने पतले, लचीले होते हैं, उन्हें हम पौधों के रूप में पहचानते हैं।

कुछ के तने लम्बे और मोटे हो जाते हैं। इनकी शाखाएँ लम्बी और मोटी हो जाती हैं। इन शाखाओं में से छोटी–छोटी शाखाएँ निकल आती हैं, जिससे ये घनी हो जाती हैं। इन्हें हम पेड़ों के रूप में पहचानते हैं।

पीछे दिए गए चित्र को देखकर पेड़ और पौधों के नाम अलग–अलग लिखो–

पेड़ों के नाम ........................................................................................

पौधों के नाम ........................................................................................

अलग–अलग मौसम में हम अपने आस–पास तरह–तरह के रंग–बिरंगे फूल देखते हैं। रंग–बिरंगे फूल हमारे परिवेश की शोभा बढ़ाते हैं। ऐसे ही अलग–अलग मौसम में तरह–तरह के फल भी मिलते हैं। इन फूलों और फलों को हम उनके रंग, गंध और आकार से पहचानते हैं। इनके रंग और आकार से हम विभिन्न प्रकार के पेड़–पौधों को भी पहचानते हैं।

- *बच्चों द्वारा लिखे गए पेड़–पौधों में दिखने वाले अन्तर पर चर्चा करें।*

## बेल या लताएँ

क्या तुमने ऐसे पौधों को देखा है जो ज़मीन पर फैलते हैं ?
बाँस–बल्ली के सहारे ऊपर चढ़ते हैं या छप्पर के ऊपर चढ़ते हैं?

.................................................................................................



इस चित्र को देखो। यह बेल या लता कहलाती है। बेल या लताओं को बढ़ने के लिए सहारे की आवश्यकता पड़ती है। यह बाँस, लकड़ी, छप्पर जैसी वस्तुओं का सहारा लेकर बढ़ते हैं।

## जीवन के लिए उपयोगी हैं पेड़–पौधे

आपको पेड़–पौधों से क्या–क्या मिलता है ?

| पेड़ या पौधे का नाम | क्या मिलता है |
|---|---|
| | |

हम मौसम के अनुसार विभिन्न प्रकार की सब्जियाँ खाते हैं। इनको स्वादिष्ट एवं पौष्टिक बनाने के लिए हम कई प्रकार के मसालों का प्रयोग करते हैं। अलग–अलग मौसम में हम तरह–तरह के फल खाते हैं। सब्ज़ियाँ व फल हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होते हैं।

पेड़–पौधे हमें कई प्रकार से लाभ पहुँचाते हैं। इनसे हमें छाया मिलती है। इनकी लकड़ियाँ हमारे दैनिक जीवन के बहुत सारे कामों में प्रयोग होती हैं। पेड़ों के बिना हम अपने जीवन के बारे में सोच भी नहीं सकते। इसलिए हमें अधिक से अधिक पेड़–पौधे लगाते रहना चाहिए। साथ ही इनकी उचित देखभाल भी करते रहना चाहिए।


- समय–समय पर पत्तियों का उपयोग भी विविध कार्यों के लिए किया जाता है। तुम भी ऐसा करते होगे। बताओ, कब–कब और कैसे ?

**इसे भी जानो–**

पेड़–पौधे हमारे वातावरण को स्वच्छ बनाते हैं। ये वातावरण से कार्बनडाईऑक्साइड लेकर ऑक्सीजन देते हैं, जो सभी जीव–जंतुओं के लिए आवश्यक है।

## पेड़–पौधों की देखभाल

चित्र देखो और लिखो कि पेड़–पौधों की देखभाल कैसे करते हैं?






.................................................................................

हमें जीवित रहने के लिए भोजन और पानी की आवश्यकता होती है। पेड़–पौधों को भी जीवित रहने के लिए पानी, धूप, खाद की आवश्यकता होती है। इसके लिए पौधों को समय–समय पर पानी देना चाहिए। इनमें निश्चित समय पर खाद डालनी चाहिए। गमले में लगे पौधों को समय–समय पर धूप में रखना चाहिए। पेड़–पौधों के आसपास उगी घास–फूस को हटाते रहना चाहिए।

पेड़–पौधों की देखभाल न की जाए तो ये सूख जाते हैं। इसका हमारे पर्यावरण पर बुरा असर पड़ता है। पर्यावरण के लिए पेड़–पौधों को सुरक्षित रखना आवश्यक है। इसलिए हम सभी को इनकी नियमित देखभाल करनी चाहिए।

## अभ्यास

1. प्रश्नों के उत्तर लिखो–

(क) अलग–अलग पेड़–पौधों को कैसे पहचान सकते हैं ?

(ख) पेड़–पौधों की देखभाल क्यों करनी चाहिए ?

(ग) आपको एक पौधा लगाना है। कैसे लगाओगे? क्रम से लिखो।

(घ) पौधों को जीवित रहने के लिए क्या–क्या आवश्यक है ?

(ड.) बेल किसे कहते हैं? किन्हीं तीन बेलों के नाम लिखो।

2. सही कथन के सामने (✓) और गलत कथन के सामने (✗) का निशान लगाओ–

(क) पेड़–पौधे हमारे पर्यावरण को स्वच्छ नहीं बनाते हैं। ( )

(ख) पेड़–पौधों के सूखने से पर्यावरण पर बुरा असर पड़ता है। ( )

(ग) सभी पेड़–पौधों के तने एक समान होते हैं। ( )

(घ) पेड़–पौधों को उनकी पत्तियों से भी पहचाना जा सकता है। ( )

3. अपनी पसंद के पेड़ या पौधे का चित्र बनाओ। उसमें रंग भरो।


4. एक कागज को लेकर किसी पेड़ के तने पर रखो। उस पर पेंसिल फेरो। आपके कागज पर तने की छाप बन जाएगी। इसी प्रकार अन्य तनों की छाप बनाओ।

5. अपने दोस्त के साथ चर्चा करो–

- पेड़–पौधों की देखभाल कैसे करेंगे ?
- पेड़–पौधों की हमारे जीवन में क्या उपयोगिता है ?

चर्चा की प्रमुख बातों को चार्ट पर लिखो और अपने स्कूल की दीवार पर चिपकाओ।

6. चित्र में बनी आकृति की तरह तुम भी पत्तियों को चिपकाकर अन्य चित्र बनाओ।



- *बच्चों से विद्यालय या आसपास पेड़–पौधे लगवाएँ एवं उनकी देखभाल करने को प्रेरित करें।*